प्रैस विज्ञपति

आज दिनांक 05 फरवरी, 2018 को अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ के संभाग तृतीय के सभागार में वाणिज्य विभाग ने प्लेसमेंट ड्राइव का अयोजन किया जिसके अन्तर्गत पॉलिसी बाज़ार के श्री एस.के. गुप्ता द्वारा विद्यार्थियों का साक्षात्कार किया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्णकान्त गुप्ता जी की प्रेरणा से विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य हेतु समय–समय पर महाविद्यालय में अनेकानेक कंपनियों को आमंत्रित किया जाता है। प्राचार्य महोदय ने समावेशित विकास को देखते हुए वित्तिय क्षेत्र में कॉमर्स के विद्यार्थियों के लिए उत्पन्न होने वाली करियर संभावनाओं को जागृत किया। कार्यक्रम संयोजिका डॉ. शोभना गोयल ने गुरूग्राम की पॉलिसी बाज़ार कंपनी के सलाहकार श्री एस.के. गुप्ता का स्वागत किया। इस प्लेसमेंट ड्राइव में बी.कॉम., बीबी.ए. तथा बी.कैम अंतिम वर्ष के लगभग 200 विद्यार्थियों ने भाग लिया। यह कंपनी पूर्ण रूप से इंश्योरेंस बेस्ड है जिसमें चयनित विद्यार्थियों को वर्ष में 2.5–3 लाख तक प्रतिवर्ष पैकेज दिया जाएगा। इसमें विद्यार्थियों का चयन दो चरणों में किया गया। पहले चरण में विद्यार्थियों का समूह चर्चा के द्वारा चुनाव किया गया तथा दूसरे चरण में पहले चरण से चयनित विद्यार्थियों का व्यक्तिगत साक्षात्कार लिया गया। इससे विद्यार्थियों की मनोबल, कार्यक्षमता और कुशलता में वृद्धि होती है और इस प्लेसमेंट में चयनित होने वाले विद्यार्थी आने वाले विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का काम करते हैं। डॉ. शोभना गोयल, डॉ. रेखा सेन व अन्य प्रवक्ताओं (डॉ. डिम्पल, पूजा, डॉली, ललिता, वंदना, अनिता, वंदना) के सहयोग से यह कार्यक्रम संपन्न हुआ।